>

Title: Request to complete the remaining construction work of BHEL factories and provide employment to the people of Bhandara-Gondiya, Maharashtra.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं जिस क्षेत्र भन्डारा-गोंदिया से आता हूं, वहां साकोली के पास 'भेल' के माध्यम से 2012 में किसानों की 476 बीघा जमीन ली गई । वहां बताया गया कि दो कारखानों के माध्यम से करीब 3000 किसानों और युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिसका काम वर्ष 2013 में तत्कालीन मुख्य मंत्री और भारी उद्योग मंत्री ने चालू किया था । दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि वहां कारखाने का खाली 5 परसेंट काम ही चालू हुआ है, लेकिन 6 साल होने के बाद भी वहां अभी तक काम बंद है, जिससे वहां के युवाओं में रोष व्याप्त है । मेरी आपके माध्यम से दरख्वास्त है कि उस कारखाने को जल्द से जल्द पूरा करवाकर वहां के युवाओं को रोजगार दिया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्री जामयांग नामग्याल । माननीय सदस्य लद्दाख से चुनकर आए हैं ।